रायगढ़, शुक्रवार
11.08.2017
भाद्र कृष्ण 4
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union, Govt. Registered

Web: www.nyaysakshi.com



3 देखें .... विधायक खरीद फरोख्त मामले ....
6 देखें मनोरंजन में ....



» वर्ष-1 » अंक-20 »


## खास खबर

### लोकसभा सदस्यता से योगी आदित्यनाथ ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली,(आरएनएस)। करीब चार महीने पहले उप्र के मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दिल्ली में उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के बाद लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार पांच बार से सांसद रहे। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को इस्तीफा सौंप दिया। योगी आदित्यनाथ अब उप्र विधान परिषद की सदस्यता ले सकते हैं। बसपा के एक और सपा के तीन सदस्यों ने हाल ही में विधान परिषद से इस्तीफा दिया है। माना जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ के साथ उनके दोनों उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और केशव प्रसाद मौर्य इन रिक्त स्थानों के लिए चुने जा सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को बधाई दी है। योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर वेंकैया का निर्वाचन समाज के सभी वर्गो खासकर किसानों के लिए गौरवपूर्ण है। वेंकैया को सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। अब तक उनको जो भी पद मिला है उसका उन्होंने सफलता पूर्वक निर्वहन किया है। ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए अवसर देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और संसदीय दल ने सकारात्मक सोच का परिचय दिया।

### फ्रेंडशिप डे पर पराग्वे से शुरू हुआ ग्लोबल फेस्टिवल

देहरादून,(आरएनएस)। दोस्ती, एक ऐसा रिश्ता जिसके सृजन में न तो जात-पात का भेदभाव आड़े आता है और न अमीरी-गरीबी का फर्क ही। यह रिश्ता आपसे कोई डिमांड भी नहीं करता। बस, इस रिश्ते को बरकरार रखने के लिए चाहिए थोड़ा-सा समर्पण और संजीदगी। अब ऐसे निस्वार्थ रिश्ते के लिए एक ट्रिब्यूट तो बनता ही है और यही ट्रिब्यूट है फ्रेंडशिप डे। इसकी नींव रखी थी हॉलमार्क कार्ड्स के संस्थापक अमेरिकी जॉयस हॉल ने अपने एक मित्र को शुभकामना संदेश (ग्रीटिंग कार्ड) भेजकर, मगर इसे विश्व के फलक पर पहचान दिलाई दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे के डॉक्टर रेमन अरटेमिओ ब्राचो ने। 20 जुलाई 1958 को डॉक्टर रेमन अपने कुछ खास दोस्तों के साथ पराग्वे से 200 मील दूर पुएर्तो पिनास्को नामक शहर में डिनर कर रहे थे, तभी उन्हें ख्याल आया कि क्यों न वर्ष में एक दिन दोस्ती के नाम समर्पित कर दिया जाए। यह विचार उन्होंने अपने दोस्तों से साझा किया और यहीं से फ्रेंडशिप डे वजूद में आया। इसके बाद पराग्वे में हर वर्ष 30 जुलाई का दिन मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस दिन लोग अपने दोस्तों को ग्रीटिग कार्ड भेंट कर शुभकामना देते। धीरे-धीरे सभी दक्षिण अमेरिकी देशों में दोस्ती का यह पर्व मनाया जाने ल÷ा। पराग्वे से शुरू हुआ यह सफर आज दुनिया के हर कोने तक पहुंच चुका है। आज भले ही कार्ड्स की जगह फ्रेंडशिप बैंड और महंगे गिफ्ट्स ने ले ली हो, मगर दोस्ती के इस पर्व का भाव पूर्ववत ही है। फ्रेडशिप डे अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन मनाया जाता है। जानकारी के अनुसार फ्रेंडशिप डे की शुरुआत के कुछ समय बाद यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका ने इस पर्व को अगस्त के पहले रविवार को मनाना शुरू किया। यहीं से यह पर्व दक्षिण एशिया पहुंचा। शायद इसी का अनुसरण करते हुए भारत के साथ पूरे दक्षिण एशिया व तमाम अन्य देशों में फ्रेंडशिप डे अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाने लगा।

### महिला रेसलर पर जानलेवा हमला, सिर में आए 17 टांके

गाजियाबाद,(आरएनएस)। नेशनल लेवल पर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पहलवान नेहा कश्यप पर मेरठ में कुछ लोगों ने कातिलाना हमला बोल दिया। हॉकी और डंडों से पिटाई की गई। हमले में घायल नेहा के सिर में 17 टांके आए। नेहा ने साथी महिला पहलवान और अन्य दो युवकों के विरुद्ध मेडिकल थाने में तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने केवल एनसीआर दर्ज की। वहीं, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में प्रैक्टिस कर रही महिला पहलवान ने अपनी साथी महिला पहलवान पर जानलेवा हमले का आरोप ल÷ाया है। गाजियाबाद के 30 फुटा रोड राजनगर लोनी बार्डर की रहने वाली नेशनल महिला पहलवान नेहा कश्यप पिछले ढाई साल से चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में प्रैक्टिस कर रही है। उनके साथ बुलंदशहर की एक नेशनल महिला पहलवान भी प्रैक्टिस करती हैं। नेहा कश्यप अजंता कालोनी में किराए पर रहती हैं। नेहा के मुताबिक, 20 जुलाई की सुबह साढ़े पांच बजे प्रैक्टिस करने के दौरान विवि ग्राउंड में बुलंदशहर की नेशनल महिला पहलवान ने रास्ता रोककर उसके हाथ पकड़ लिए और उसके दो साथियों ने धारदार हथियार से सिर में हमला कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपित महिला पहलवान और उसके दो साथियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। नेहा का कहना है कि परिजनों ने उसे युग अस्पताल में भर्ती कराया। उसके सिर में नौ टांके आए हैं। एसओ मोहम्मद असलम का तर्क है कि निजी अस्पताल का मेडिकल मान्य नहीं होने से एनसीआर को मुकदमे में तरमीम नहीं किया।

## मुख्यमंत्री ने किया 'चिरायु छत्तीसगढ़' योजना का शुभारंभ



रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज नया रायपुर स्थित सत्य साई सौभाग्य में आयोजित कार्यक्रम में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के निःशुल्क इलाज के लिए 'चिरायु छत्तीसगढ मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना' शुभारंभ किया। इस योजना में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में हृदय के आपरेशन के लिए चिन्हित बच्चों का सत्य साई संजीवनी अस्पताल में निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। यह योजना राज्य सरकार द्वारा संजीवनी अस्पताल के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के संचालन और सत्य साई संजीवनी अस्पताल के विस्तार की योजना के लिए राच्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिए आने वाले परिवारों की सुविधा के लिए नया रायपुर में राज्य सरकार और नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्य साई हेल्थ एवं एज्युकेशन ट्रस्ट के चेयरमेन सी. श्रीनिवास ने की। स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर, सत्य साई ट्रस्ट के प्रमुख बी.एल. नरसिम्हन मूर्ति, आइजेक और सत्य साई बाबा के शिष्य मधुसूदन नायडू विशेष अतिथि के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संजीवनी अस्पताल में हृदय के आपरेशन के बाद स्वस्थ हो चुके तीन सौ बच्चों को 'नये जीवन के उपहार' के रुप में ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में बच्चों के परिजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री और अतिथियों ने इसके कार्यक्रम के प्रारंभ में सत्य साई बाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संजीवनी अस्पताल के रुप में छत्तीसगढ़ को सत्य साई बाबा का वरदान मिला है। इस अस्पताल में हृदय रोग से पीड़ित छत्तीसगढ़ के नौ सौ से अधिक बच्चों के दिल का सफल आपरेशन हो चुका है। इन्हें मिला कर देश के 28 राज्यों और 8 देशों के अब तक तीन हजार 563 बच्चों के दिल का सफल ऑपरेशन हो चुका है। आज कार्यक्रम में शामिल बच्चों के चेहरे पर खुशी और प्रसन्नता दिख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ के लोग पूरे समर्पण के साथ मानवता की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सत्य साई ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ में दी जा रही सेवाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक साढ़े चार हजार बच्चों के हृदय के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज यह अस्पताल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना चुका है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सत्य साई ट्रस्ट के चेयरमेन सी. श्रीनिवास ने कहा कि एक वर्ष के अंदर नया रायपुर के संजीवनी अस्पताल में हृदय के ऑपरेशन के लिए चार ऑपरेशन थियेटर और कैथ लैब स्थापित किए जाएंगे।

0 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के दिल का होगा निःशुल्क ऑपरेशन
0-मुख्यमंत्री ने आपरेशन के बाद स्वस्थ हो चुके बच्चों को किया सम्मानित
0-मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना और चिरायु योजना में होगी
0-बच्चों के परिजनों की सुविधा के लिए बनेगी नया रायपुर में सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला

इनमें से तीन माह में दो ओ.टी. काम करना प्रारंभ कर देंगे। स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने कहा कि मनुष्य की सेवा ही भगवान की सेवा है। सत्य साई ट्रस्ट द्वारा सेवा का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। चन्द्राकर ने राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना और चिरायु योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग ढाई लाख स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। संजीवनी अस्पताल के मुख्य शल्य चिकित्सक आशीष ने भी अपने विचार प्रकट किए। मधुसूदन नायडू ने सत्य साई बाबा का संदेश सुनाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### धरती को एलियंस से बचाना चाहता है 9 साल का बच्चा

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने धरती को एलियंस से होने वाले खतरे से बचाने के लिए प्लेनेटनरी प्रोटेक्शन ऑफिसर ([पीपीओ)] के पद पर भर्तियां निकालीं तो इसके लिए आवेदन देने वालों की बाढ़ आ गई। खास बात यह है कि इसके लिए चौथी कक्षा के बच्चे ने भी आवेदन दिया है। जैक डेविस नामक इस नौ वर्षीय बच्चे ने नासा को पत्र लिखकर खुद को इस नौकरी के योग्य बताया है। इतना ही नहीं, नासा ने भी पत्र लिखकर जवाब दिया है। पत्र में उसने खुद को 'गार्जियन ऑफ द गैलेक्सी' बताया। जैक का ये लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 1.20 करोड़ रुपए है सालाना वेतन नासा ने कुछ दिन पहले ही इस पद के लिए आवेदन मांगे थे। इस अधिकारी का काम धरती और सौरमंडल में प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रयास करना है। नासा इसके लिए 1.20 करोड़ रुपए का सालाना वेतन भी देगी। ऐसा था जैक का पत्र डियर नासा, 'मेरा नाम जैक डेविस है और मैं प्लेनेटरी प्रोटेक्शन ऑफिसर के पद के लिए आवेदन करना चाहता हूं। मैं 9 साल का भले ही हूं लेकिन मेरा मानना है कि मैं इस नौकरी के योग्य हूं। एक कारण यह भी है कि मेरी बहन कहती है कि मैं एक एलियन हूं। मैंने स्पेस और एलियन से संबंधित लगभग सभी फिल्में देखी हैं। मैं वीडियो गेम्स खेलने में माहिर हूं। मैं युवा हूं इसलिए मैं किसी एलियन की तरह ही चीजों को जल्द सीख सकता हूं।

नासा ने दिया जवाब डियर जैक हमने सुना आप 'गार्डियन ऑफ गैलेक्सी' हैं और आप नासा में प्लेनेटरी प्रोटेक्शन ऑफिसर बनना चाहते हैं। यह नौकरी वाकई लाजवाब है और यह एक महत्वपूर्ण काम भी है। यह धरती को बहुत ही छोटे माइक्रोब्स के खतरों से बचाने के बारे में में है। जब हम चंद्रमा, छोटे तारों और मंगल से सैंपल वापस लाएंगे। इसमें दूसरे ग्रहों और चंद्रमा को उन कीटाणुओं से भी बचाना है जिन्हें सौरमंडल में फैलाने के लिए हम उत्तरदायी हैं। हमें मदद के लिए हमेशा अच्छे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की जरूरत रहती है। इसलिए हम आशा करते हैं कि आप अच्छे से पढ़ाई करेंगे, स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और एक दिन नासा में होंगे।
डॉ. जेम्स एल ग्रीन, निदेशक, प्लेनेटरी साइंस विभाग, नासा

### सुर्खिया बटोरने कांग्रेस का दिल्ली प्रदर्शन : भाजपा

रायपुर,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष भूपेश बघेल पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल छपास रोग से ग्रसित है इसी कारण प्रतिदिन गैर जरूरी मुद्दों को लेकर सुर्खियों में रहने का प्रयास करते हैं यह ही उनके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कार्यकाल की उपलब्धि रहे÷ी। बाकी जमीनी स्तर पर कांग्रेस कहीं मजबूत होना तो दूर लगातार जनाधार खो रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब माननीय राज्यपाल पर उनका विश्वास नहीं था तो वे उनसे क्यों मिले? उन्होंने इस मुलाकात का अखबार में छपने के लिए क्या उपयोग नहीं किया? और अब माननीय राष्ट्रपति से मुलाकात कर केवल और केवल अखबार में अपनी तस्वीर देखने की चाहत में वे जा रहें है और यह उनके आदत में शुमार हो गया है। भूपेश बघेल को छपास रोग से भगवान जल्द स्वस्थ करें।

### अमेरिका ने यूएन को दी पेरिस समझौते से हटने की जानकारी

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका ने पेरिस में हुए जलवायु समझौते से पीछे हटने की संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को औपचारिक रूप से जानकारी दे दी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका 2015 में हुए इस समझौते से जितना जल्दी हो सकेगा, अलग हो जाएगा। यूएन को दी गई सूचना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में की गई घोषणा पर केंद्रित है। ट्रंप ने एक जून को अपनी घोषणा में कहा था कि यदि अमेरिका को इसमें अपने देश, व्यापार, लोगों और करदाताओं के हित में कोई प्रावधान दिखेगा, तभी वह इस समझौते में रहना चाहेगा। अमेरिका 23 वें कॉन्फ्रेंस ऑफपार्टिज में भी शामिल होगा। पेरिस समझौते का उद्देश्य धरती को औद्योगिक काल की शुरआत के तापमान से दो डिग्री अधिक गर्म होने से बचाना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान पेरिस समझौते को अमेरिका के लिए गलत बताते हुए इससे हटने का वादा किया था। हालांकि इस समझौते की शर्त के मुताबिक, अमेरिका 4 नवंबर 2020 से पहले इस समझौते से पूरी तरह खुद को अलग नहीं कर सकता है। 4 नवंबर 2020 तक अमेरिका में अगला राष्ट्रपति चुनाव हो चुका होगा। ऐसे में अगला राष्ट्रपति फिर से समझौते का हिस्सा बने रहने का फैसला कर सकता है। यूएन ने की समझौते में बने रहने की अपील संयुक्त राष्ट्र। अमेरिका की ओर से पेरिस समझौते से हटने की आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने उससे इसमें बने रहने की अपील की है। यूएन प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने बताया कि अमेरिका ने समझौते की शर्तो में कुछ निश्चित बदलाव न होने पर इससे बाहर होने बात कही है। उन्होंने कहा कि यूएन महासचिव एंटोनियो गुतेरस अमेरिका को समझौते में बनाए रखने के लिए सुझावों का स्वागत करेंगे।

### ऑक्सीजोन के दूसरे चरण का काम शीघ्र करें : प्रमुख सचिव

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर शहर के हृदय स्थल पर करीब 19 एकड़ जमीन पर बनाए जा रहे ऑक्सीजोन के दूसरे चरण का काम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश वन विभाग के प्रमुख सचिव आर.पी.मण्डल ने दिए है। मण्डल आज शाम यहां कलेक्टर ओ.पी.चौधरी और वन विभाग के सीसीएफ अरूण पांडे के साथ ऑक्सीजोन स्थल का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मण्डल ने कहा कि ऑक्सीजोन निर्माण के प्रथम चरण में ईएसी कॉलोनी स्थित 76 मकानों को तोड़ा जा चुका है, दूसरे चरण में पोल शिफ्टिंग, सड़क का निर्माण तथा चारो तरफ ग्रिल लगाने का काम शीघ्र प्रारंभ किया जाए। गौरलतब है कि इस आक्सीजोन के निर्माण से जहां नगरवासियों को शहर के बीच में ही हरा-भरा, खुशनुमा, स्वच्छ और स्वस्थ्य वातावरण मिल सकेगा वहीं शहर के प्रदूषण को नियंत्रित करने में यह अहम भूमिका निभाएगा। कलेक्टोरेट परिसर के पीछे स्थित ईएसी कॉलोनी की करीब 19 एकड़ जमीन में स्मार्ट सिटी के अनुरूप रायपुर शहर को हरा-भरा बनाने के लिए यह ऑक्सीजोन बनाया जा रहा है।

### चीन ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, कहा-देश को युद्ध में धकेल रहे मोदी



बीजिंग,(आरएनएस)। डोकलाम को लेकर असमंजस में पड़ा चीन अब गतिरोध के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सख्त रवैये को जिम्मेदार ठहरा रहा है। सरकार नियंत्रित अखबार ने संपादकीय में लिखा है कि मोदी अपने देश को युद्ध की तरफ बढ़ा रहे हैं और देशवासियों के भविष्य के साथ खेल रहे हैं। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की ताकत को जानते हुए भी मोदी ऐसा कर रहे हैं। इस बीच चीनी सेना के भारत के साथ सीमित युद्ध की संभावना पर विचार करने की जानकारी मिली है। चीनी रक्षा मंत्रालय द्वारा संयम की परीक्षा न लिये जाने की धमकी के बाद चीन के सरकारी मीडिया की भाषा और तीखी हुई है। वह आक्रामक भाषा के जरिये भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। लिखा है कि भारत ने ऐसे देश को चुनौती दी है जो ताकत के मामले में उससे भारी है। इसलिए युद्ध का परिणाम तय है। भारत के दुस्साहस ने चीन के लोगों को अचंभे में डाल दिया है। मोदी सरकार अच्छी तरह से जानती है कि भारतीय सेना चीन की सेना का मुकाबला नहीं कर पाएगी। इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ते हुए भारतीय सेना ने चीनी क्षेत्र में घुसपैठ की है। इससे क्षेत्रीय शांति को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मोदी सरकार के इस कदम से भारतीय लोगों का गौरव और उनके विकास की योजनाएं भी खतरे में पड़ गई हैं। मोदी सरकार हालात को सुधारने से इन्कार कर रही है। इससे देश युद्ध की तरफ बढ़ रहा है। दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तरह भारत चीन को नहीं दबा सकता। चीन की सेना तैयार है लेकिन वह शांति बनाए रखने के लिए भारत को समय देना चाहती है। चीनी सेना के पिछले महीने जवाबी कार्रवाई न करने को मोदी सरकार ने सद्भावना न समझकर कमजोरी माना। यह उसका गलत आकलन है। उल्लेखनीय है कि भारत, भूटान और चीन के स्वामित्व वाले त्रिकोणीय इलाके में चीनी सेना के सड़क बनाए जाने पर 16 जून को भारतीय सेना ने उसे रुकवा दिया था। इस सड़क से भारत के सुरक्षा हितों को खतरा पैदा हो रहा था। शुक्रवार को चीनी रक्षा मंत्रालय ने अपने लंबे बयान में कहा था कि भारत मामले को लटकाने की अपनी नीति छोड़कर डोकलाम से सेना को वापस बुलाए। वह चीनी सेना की ताकत और उसके आत्मविश्वास को कम करके नहीं आंके।

इससे पहले गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने संसद में डोकलाम गतिरोध का समाधान बातचीत के जरिये खत्म करने की आवश्यकता जताई थी।

कहा था कि दोनों देशों की सेनाएं पूर्व स्थिति में वापस लौटें, तब बातचीत हो सकती है।

### महिला को बुर्का पहनकर नहाना पड़ा महंगा, देना पड़ेगा 36 हजार जुर्माना

पेरिस,(आरएनएस)। फ्रांस की एक कम्यूनिटी स्वीमिंग पूल में बुर्किनी पहनकर नहाने गई मुस्लिम महिला को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। स्वीमिंग पूल की देखरेख करने वाली संस्था ने महिला पर पूल में नहाने के लिए भारी जुर्माना लगा दिया। फद्धीला नामक इस महिला ने बताया कि दक्षिण फ्रांस के मार्सेल में वह बुर्किनी पहनकर नहाने गई थी। बुर्किनी मुस्लिम महिलाओं के बनाया गया एक विशेष पोशाक है, इसे नहाने के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। फदीला ने बताया कि उसे पूल में मौजूद दूसरे लोगों ने बाहर निकलने को कहा। बाद में स्टाफ ने महिला के पति को बुलाया और फदीला को बाहर निकालने के लिए कहा। इतना ही नहीं, पूल मालिक ने वहां की सफाई के लिए 36 हजार रुपए का बिल भी थमा दिया। स्वीमिंग पूल मालिक का कहना है कि अब पूरे स्वीमिंग पूल को खाली करना पडेगा और इसकी सफाई करनी पडेगी। फदीला ने ऐसे भेदभाव के खिलाफ काम करने वाली एक संस्था चैरिटी यूनाइटेड अगेंस्ट इस्लामो फोबिया इन फ्रांस के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई। गौरतलब है कि फ्रांस में बीते कुछ वर्षो में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर देश के मुस्लिम समुदाय के प्रति स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ा है।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400